अमर उजाला
22-11-2025

# स्वयंसेवकों को दिखाई प्रेरणादायक फिल्म

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में बड़े उत्साह और सम्मान के साथ एनसीसी-डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों को एनसीसी पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाकर हुई, इसमें एनसीसी के इतिहास, उद्‌देश्यों और राष्ट्रीय रक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद एएनओ कैप्टन एसएस नैन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से एनसीसी गीत प्रस्तुत किया। संवाद